हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 14 दिसंबर 2025



06 अधिकारियों की अनदेखी का शिकार हो रहा चंदोरा बांध





10 देश के अहम मुद्दों पर युवाओं की वैचारिक सहभागिता...








प्रकृति के इस अद्भुत नजारे को अपनी आँखों में कैद करने के लिए हर शाम धूपगढ़ पर पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। वायरल हो रही तस्वीरों में दिख रहा है कि बड़ी संख्या में सैलानी धूपगढ़ से सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला के मनोरम दृश्य को निहार रहे हैं, खासकर सूर्यास्त के सुनहरे क्षणों का आनंद ले रहे हैं।

**धूपगढ़:** सतपुड़ा की भव्यता होती है साकार, पर्यटन का किंग बन रहा नर्मदापुरम

# सतपुड़ा की रानी सैलानियों की भीड़ से हुई गुलजार, मौसम भी दे रहा पूरा साथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

प्रदेश का एकमात्र हिल स्टेशन, जिसे 'सतपुड़ा की रानी' कहा जाता है, पचमढ़ी में दिसंबर के महीने में देश भर के सैलानियों का सैलाब उमड़ पड़ा है। सर्द मौसम, मनमोहक दृश्य और नववर्ष के आगमन की खुमारी के बीच हजारों की तादाद में पर्यटक पचमढ़ी पहुंच रहे हैं, जिससे यहां का पर्यटन इस समय अपने चरम पर है। पचमढ़ी पहुंचने वाले सैलानियों की पहली पसंद यहां का विश्व-प्रसिद्ध धूपगढ़ सनसेट पॉइंट बना हुआ है।

### पिपरिया स्टेशन से बढ़ी आवाजाही

चूंकि पचमढ़ी का अपना कोई रेलवे स्टेशन नहीं है, यहाँ पहुंचने के लिए सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन पिपरिया है, जो मुंबई-हावड़ा रेलमार्ग पर स्थित है। दिसंबर में सैलानियों की भारी भीड़ के कारण पिपरिया स्टेशन से पचमढ़ी तक टैक्सी और बस सेवाओं में भी जबरदस्त उछाल देखा जा रहा है। पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए, स्थानीय प्रशासन और पर्यटन विभाग द्वारा सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं, ताकि सभी पर्यटक प्राकृतिक सुंदरता का लुत्फ उठा सकें।



### दिसंबर में उमड़ी सैलानियों की भीड़

दिसंबर माह की शुरुआत होते ही सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी में सैलानियों की जबरदस्त भीड़ उमड़ पड़ी है। सामने आई तस्वीर बी-फॉल पार्किंग की है, जहां एक साथ कई जीपें खड़ी दिखाई दे रही हैं, जो यहां पहुंचने वाले पर्यटकों की बड़ी संख्या को दर्शाती है। ठंडे मौसम और छुट्टियों के चलते पर्यटकों में पर्यटन को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। लंबी कतारें: लोग जीपों में बैठकर पर्यटन स्थलों तक जाने के लिए कतारबद्ध खड़े हैं, जिससे पता चलता है कि पचमढ़ी के प्राकृतिक सौंदर्य को देखने के लिए पर्यटकों का तांता लगा हुआ है।

### मौसम बना 'बोनस'

पचमढ़ी में इस समय मौसम पर्यटकों का भरपूर साथ दे रहा है। सैलानी खुली धूप में मौसम का जमकर लुत्फ़ उठा रहे हैं दिन के मुकाबले रात के तापमान में अचानक 10 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक की गिरावट दर्ज की जा रही है, जो यहाँ की कड़ाके की ठंड का असली अनुभव कराती है।

### धूपगढ़ की भौगोलिक जानकारी एक नजर में:

धूपगढ़ न केवल पचमढ़ी का सबसे ऊँचा स्थान है, बल्कि यह मध्य प्रदेश और मध्य भारत की भी सबसे ऊँची चोटी है।

**ऊंचाई:**

यह शिखर समुद्र तल से लगभग 1,352 मीटर (4,436 फीट) की ऊँचाई पर स्थित है। अवस्थिति: यह सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला में महादेव पहाड़ियों का हिस्सा है।

**महत्व:**

यह बिंदु सूर्यास्त (सनसेट) और सूर्योदय (सनराइज) के शानदार दृश्यों के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है, जहाँ से सतपुड़ा के विस्तृत जंगल और घाटियों का विहंगम दृश्य दिखाई देता है।

# रेत माफिया का जाल: नाबालिग के हाथों में ट्रैक्टर की स्टेयरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद



क्षेत्र में तवा नदी से रेत के घाटों से रेत का उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा है जिसमें अब छोटे-छोटे बच्चे भी रेत से भरे ट्रैक्टर ट्राली को ले जाते दिखाई दे रहे हैं। शनिवार शाम झालौन में एक 15 साल से भी काम उम्र का लड़का रेत से भरी भारी भरकम ट्रैक्टर ट्राली को चलाकर ले जाता हुआ दिखा। तब उससे पूछा गया कि रेत लेकर कहां से आ रहे हो तो उसने बताया कि मैं रजौन से आ रहा हूं जिसके पास रॉयल्टी भी नहीं थी। अब रेत का कारोबार करने वाले लोग छोटे-छोटे मासूम बच्चों से भी रेट ढुलवाने में पीछे नहीं है। बिना किसी डर के तेज गति से मेन रोड एवं गांव की सड़कों पर इनके द्वारा रेत से भरे ट्रैक्टर ट्राली दौड़े जा रहे हैं जिसके कारण राहगीरों ग्रामीणों में डर बना रहता है ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस को नाबालिक बच्चों को भारी वाहन चलाने से रोकना चाहिए जिससे दुर्घटना होने की संभावना कम हो। इस संबंध में श्रम अधिकारी सरिता साहू से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि सेमरी 14 वर्ष से अधिक के बालक माता पिता के साथ कार्य कर सकते हैं। कम उम्र के बच्चों को उनके पालकों से बातचीत कर शिक्षा से जोड़ने का प्रयास करें।

### क्षत्राणि मिलन समारोह का आयोजन

**नर्मदापुरम।** जिला अध्यक्ष करणी सेना परिवार अंजू राजपूत एवं समस्त टीम के नेतृत्व में सोमवार को क्षत्राणि मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष ममता जितेंद्र सिंह सोलंकी एवं प्रदेश एवं अन्य जिलों से जिला अध्यक्ष एवं क्षत्राणियां पधारेगी। जिसमें एक विशाल वाहन रैली प्रातः 10:30 बजे मां नर्मदा की पूजन कर सर्किट हाउस घाट से महाराणा प्रताप प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हैप्पी मैरेज गार्डन पहुंचेगी। जहां पर दोपहर 12 बजे से सांस्कृतिक सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### प्रभारी मंत्री राकेश सिंह का आज आएंगे

**नर्मदापुरम।** प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री एवं नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह 14 दिसंबर रविवार को नर्मदापुरम जिले के भ्रमण पर रहेंगे। प्रभारी मंत्री सिह 14 दिसंबर रविवार को प्रातः 11:00 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक लेंगे, तथा प्रातः 11:45 बजे नर्मदा जयंती के संबंध में बैठक लेंगे। प्रभारी मंत्री दोपहर 12:30 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक कलेक्टर कार्यालय के जनसुनवाई कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस लेंगे तथा दोपहर 1:30 बजे जनपद पंचायत कार्यालय परिसर में लोक निर्माण विभाग की सड़कों का भूमि पूजन करेंगे तथा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवंटियों को राशि का वितरण करेंगे।

## वर्ष की अंतिम लोक अदालत में 1098 लंबित एवं 534 प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश तृप्ति शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम द्वारा जिला न्यायालय नर्मदापुरम सहित तहसील न्यायालय इटारसी, पिपरिया, सोहागपुर, सिवनी मालवा में किया गया। नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन एवं शुभारंभ



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश द्वारा मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

नेशनल लोक अदालत में प्रस्तुत होने वाले प्रकरणों के निराकरण हेतु 24 न्यायिक खण्डपीठों का गठन किया गया था जिनके द्वारा न्यायालयों में रखे गये कुल लंबित प्रकरण 1111 में से कुल 1098 प्रकरणों का निराकरण किया गया एवं रू. 8 करोड़ 84 लाख 78 हजार 638 का अवार्ड पारित किया गया।

## नवांकुर संस्था में प्रस्फुटन समितियों की बैठक हुई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति माखन नगर द्वारा सेक्टर क्रमांक 04 के ग्राम कोटगांव में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की बैठक गई।

इसमें जल संचय सहित समिति की कार्ययोजना के संदर्भ में चर्चा की



गई। साथ ही सेक्टर में एक ओर बोरी बंधान बनाने के लिए सेमन नाले के स्थान का चयन किया गया। इस बैठक में नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति अध्यक्ष नीतिराज सिंह यादव, सेक्टर प्रभारी सुरेश यादव, एमएसडब्ल्यू के छात्र हरिनारायण यादव, वीरेंद्र यादव माना गांव, रुपेश यादव, सतीश यादव कोटगांव, शुभम् गोस्वामी, गेंदालाल यादव गूजर वाडा एवं अन्य समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## सांसद खेल महोत्सव में शामिल हुए सांसद दर्शन सिंह चौधरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

ज्ञानदीप हायर सेकेंडरी स्कूल, चांदोन में आयोजित सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत रस्सा कसी प्रतियोगिता में सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने सम्मिलित होकर खेल और युवा सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उनके खेल कौशल को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, अभिभावकों और समाज के अन्य सदस्यों के साथ संवाद कर खेलों के महत्व पर विचार साझा किए गए। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक ठाकुरदास नागवंशी पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल, मंडल अध्यक्ष पलाश शुक्ला, छोटे भैया पटेल, ग्रामवासी एवं समस्त विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## जिले में अब तक हुई 4378 से 49789 मीट्रिक टन धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान उपार्जन की प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम अनुसार सुचारू रूप से संचालित की जा रही है। धान पंजीयन की अवधि 15 सितंबर 2025 से 10 अक्टूबर 2025 तक निर्धारित की गई थी, जबकि उपार्जन अवधि 1 दिसंबर 2025 से 20 जनवरी 2026 तक है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कुल 2,24,099.91 हेक्टेयर क्षेत्र में धान की बुवाई की गई है।

पंजीयन कार्य हेतु 30 पंजीयन केंद्र स्थापित किए गए, जिनके माध्यम से कुल 32,388 किसानों का पंजीयन किया गया। इनमें से कुल पंजीकृत रकबा 91,693.89 हेक्टेयर रहा, जबकि 2,386 किसानों ने विभिन्न माध्यमों से पंजीयन कराया। ई-उपार्जन पोर्टल पर कुल 70 उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें 50 जेवीएस गोदाम स्तरीय, 16 शासकीय गोदाम स्तरीय, 1 समिति स्तरीय एवं 3 मंडी स्तरीय केंद्र शामिल हैं। अब तक कुल 20,132 स्लॉट बुकिंग की जा चुकी है। इनमें से 69 केंद्रों पर खरीदी की जा रही है। धान उपार्जन के तहत अब तक 4,378 किसानों द्वारा विक्रय किया गया है। आज दिनांक को 10,043 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई, जबकि कुल खरीदी की मात्रा 49,789 मीट्रिक टन तक हो चुकी है। इसमें से 43,050 मीट्रिक टन धान परिवहन हेतु रेडी टू ट्रांसपोर्ट है, जबकि 6,739 मीट्रिक टन शेष है। परिवहन कार्य के अंतर्गत अब तक 32,046 मीट्रिक टन धान का परिवहन किया जा चुका है।

### माखननगर के रामजानकी मंदिर पहुंचे बच्चे

## स्प्रिंगडेल्स स्कूल के नन्हे–मुन्ने विद्यार्थी निकले शैक्षणिक भ्रमण पर, धार्मिक महत्व को समझा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा शनिवार को प्री-प्राइमरी कक्षाओं के नन्हे विद्यार्थियों के लिए बाबई राम जानकी मंदिर में एक रोचक एवं ज्ञानवर्धक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण ने बच्चों के चेहरे पर खुशी और उत्साह की अनोखी चमक बिखेर दी। पिकनिक स्थल पर बच्चों ने विभिन्न मनोरंजक खेलों, समूह गतिविधियों और रचनात्मक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे दिन बच्चों में उमंग, ऊर्जा और सीखने की ललक स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

### विद्यार्थियों ने दिखाया आत्मविश्वास

यह भ्रमण केवल मनोरंजन तक





सीमित नहीं रहा, बल्कि इसका उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास, आत्म-रक्षा की भावना तथा सामाजिक दायित्व व समझ विकसित करना भी था। इस शैक्षिक यात्रा के माध्यम से बच्चों को प्रकृति के निकट जाने और विद्यालय की चारदीवारी से बाहर की दुनिया को देखने-समझने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ। खेल-खेल में सीखने की इस प्रक्रिया ने बच्चों के मानसिक और भावनात्मक विकास को नई दिशा प्रदान की। यह शैक्षणिक भ्रमण बच्चों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव साबित हुआ। यह न केवल मनोरंजन का माध्यम रहा, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में भी सहायक सिद्ध हुआ। ऐसे आयोजनों से बच्चों को वास्तविक जीवन के अनुभव प्राप्त होते हैं, जो उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत करते हैं।

### निर्वाचन आयोग की डिप्टी सीईओ ने निरीक्षण किया

**नर्मदापुरम।** विधान सभा 137 में एसआईआर के कार्य का निर्वाचन आयोग की डिप्टी सीईओ सुरभी तिवारी ने निरीक्षण किया। ज्ञातव्य हो की भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में एसआईआर का कार्य चल रहा है। इसी क्रम में एसआईआर कार्य के निरीक्षण डिप्टी सीईओ निर्वाचन आयोग मध्य प्रदेश के द्वारा किया गया। उनके द्वारा मतदान केन्द्र क्रमांक 119 के बीएलओ कैलाश नारायण टेलर से मतदान केन्द्र क्रमांक 100 के बीएलओ नीलेश साहू से मतदान केन्द्र क्रमांक 28 के बीएलओ कपिल यादव से मतदान केन्द्र क्रमांक 29 के बीएलओ सुखराम पवार से एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 30 के बीएलओ कमलेश नायर से चर्चा की एवं एएसडीडी सूची का परीक्षण भी किया गया। डिप्टी सीईओ द्वारा घर घर जाकर मृत मतदाताओं के परिवार से चर्चा की गई एवं जो लोग स्थानांतरित हो गये हैं।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 741.ऋतू ठाकुर पिता\पति विजय सिंग ठाकुर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाठा गाँव, 742. ओमप्रकाश देवांगन पिता\पति शरद कुमार देवांगन पता- दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर, 743. पूरण दास टंडन पिता\पति स्व. शिव दास टंडन पता- रामेश्वर नगर भनपुरी वार्ड न.-04 रायपुर, 744. हेमंत वर्मा पिता\पति बी.आर.वर्मा पता– रायपुर, 745. नूतनलता पिता\पति स्व. लखन लाल पता- सिद्धार्थ चौक टिकरापारा, 746. संतोष धीवर पिता\पति श्री पालू राम धीवर पता- ग्राम व पोस्ट सारागांव, 747. अंजना यादव पिता\पति जगत राम यादव पता- संजय नगर रायपुर, 748. आरती धीवर पिता\पति नारायण धीवर पता- मठपारा रायपुर, 749. मुकेश कुमार बैस पिता\पति राजेंद्र कुमार बैस पता- भाटागांव रिंग रोड रायपुर, 750. डी.डी. मेश्राम पिता\पति किशन मेश्राम पता- डॉ. राजेंद्र नगर रायपुर, 751. गौतम लाल साहू पिता\पति दरबारी राम साहू पता- परसवानी मगरलोड, 752. भोजेंद्र कुमार साहू पिता\पति स्व. जयसिंह साहू पता- नयापारा गोपुलपुर वार्ड धमतरी, 753. तोषण कुमार साहू पिता\पति चुम्मन लाल साहू पता- कातलबोड कोकड़ी, 754. यशोदा पाल पिता\पति पूरण पाल पता- करेली बड़ी, 755. हेमपुष्पा साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- मुड़ पार सुरगी राजनादगांव, 756. रमेश रामटेके पिता\पति स्व. रामा रामटेके पता- डोंगरगढ़ गाँव, 757. लखन लाल अहीर पिता\पति स्व. अमरसिंह अहीर पता- डोंगरगढ़ गाँव, 758. शम्भू नाग पिता\पति सुखदेव नाग पता- जगदलपुर, 759. हुमैरा कुरैशी पिता\पति जाकिर कुरैशी पता- पिथौरा, 760. दिलशान खान पिता\पति असगर खान पता- गुप्ता पारा वार्ड न.14, 761. वासुदेव वर्मा पिता\पति विश्राम वर्मा पता- धाराशिव लवन, 762. ईशांत देवांगन पिता\पति स्व. रघु राम देवांगन पता-सरगीपाल कोंडागांव, 763. अंजू पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 764. N.K. दुबे पिता\पति श्री G.L दुबे पता-ईतवारी MP (BHILAI), शोभना यादव पिता\पति एम.पी. यादव पता-न्यू बोरसी दुर्ग, 765. महेंद्र देशमुख पिता\पति पवन कुमार देशमुख पता- गंज पारा दुर्ग, 766. पूर्णिमा चौहान पिता\पति घनश्याम चौहान पता- सुपेला भिलाई दुर्ग, 767. ख़ुशी साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 768. भोज कुमार पिता\पति श्री आत्माराम पता- EWS -700 आदित्य नगर, 769. जय शोभा शोंड़े पिता\पति स्व. श्री श्रवण कुमार पता- भिलाई नगर सेक्टर-06, 770. सोनल निर्मलकर पिता\पति धन्नू लाल निर्मलकर पता- मैथिल पारा वार्ड न.-32 दुर्ग, 771. सुमन यादव पिता\पति कृष्णा यादव पता-नेहरु नगर उतई वार्ड क्र.09, 772. प्रिया सोनी पिता\पति नीलेश सोनी पता- वार्ड न.-19 बेमेतरा, **बिलासपुर संस्करण–** 773. राजेश शर्मा पिता /पति ईश्वर प्रसाद शर्मा पता- भटगांव बालको, 774. मनीष कुमार साहू पिता/पति गोपाल साहू पता- डोड़की बालको, 775. अनूप प्रकाश पिता/पति स्व. मसीह प्रकाश पता- कोरबा, 776. पूर्वा श्रीवास पिता/पति ईश्वर कुमार श्रीवास पता- भैरव ताल कोरबा, 777. रीतिका सोनी पिता /पति विक्की सोनी पता- मिशन रोड कोरबा, 778. बजरंग अग्रवाल पिता/पति आर.एन. अग्रवाल पता- टी.पी. नगर कोरबा, 779. नम्रता गान साहू पिता/पति घनश्याम साहू पता- पुलिस लाइन बालकों, 780. भुवन सिंह बिझवार पिता/पति स्व. मनहरण सिंह पता- मड़वारानी, 781. मनीषा वैष्णव पिता/पति मनहरण वैष्णव पता - सियाही मुड़ी, 782. अंकिता वैष्णव पिता/पति प्रमोद वैष्णव पता- सियाही मुड़ी, 783. रामायण सिंह पिता/पति उखाजी पता- मिशन रोड रामसागर पारा, 784. राहुल साहू पिता/पति राजेश्वर कुमार साहू पता- रामपुर कोरबा, 785. राजेन्द्र विश्वकर्मा पिता/पति परदेसी विश्वकर्मा पता- मानस नगर, 786. श्रुति पटेल पिता/पति श्री शिव कुमार पटेल पता- दरी कैलास नगर, 787. तरुण पिता /पति रेशम लाल पता- गेवरा घाट कोरबा, 788. दिलीप यादव पिता/पति पुनराम यादव पता- कोरबा, 789. सुनील दास कुलदीप पिता/ पति सुकृत दास कुलदीप पता- सियाही मुडी दर्रि कोरबा, 790. दशरथ शर्मा पिता/पति आर.एस. शर्मा पता- शांति नगर बालको, 791. संजय गजभईये पिता/पति टी.डी.गजभईये पता – बालको, 792. संतोषी श्रीवास पिता/पति सनत श्रीवास पता- रामशान रोड नेहरू नगर बालको, 793. सिधारार्थ डहरे पिता/पति धीरज डहरे पता- परसाभाठा बालको, 794. खयाती कुमारी निषाद पिता/पति राकेश कुमार निषाद पता- मुड़ पारा कोरबा, 795. बलराम सारथी पिता/पति देव प्रसाद सारथी पता- नेहरू नगर बालको, **भोपाल संस्करण –** 796. ललित शर्मा पिता\पति जगदीश प्रसाद शर्मा पता- वार्ड नं 15 रविन्द्र नाथ टैगोर विदिशा रोड, 797. हीतांशु पिता\पति प्रेम नारायण साहु पता- मकान न.-73 वार्ड नं.-73 नियर दुर्गा मंदिर, 798. मानवी पिता\पति संतोष बौरासी पता- जनता नगर करोद, 799. अनिता सिंह पिता\पति लाल बहादुर सिंह पता- 108 त्रिवेणी नगर करोद, 800. सुमित कुशवाह पिता\पति नारायण सिंह कुशवाह पता- विदिशा, 801. राजकुमार जैन पिता\पति नरेन्द्र कुमार जैन पता- दुर्गा नगर विदिशा, 802. धुरव दांगी पिता\पति ब्रजेश दांगी पता- बंटी नगर विदिशा, 803. हरिराम विश्वकर्मा पिता\पति चिरोंजी लाल पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 804. अभिषेक पिता\पति अजय पता- सिंगौड़ी, 805. वेदिका पिता\पति संदीप पता-सिंगौड़ी, 806. अर्पण साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 807. पलक साहू पिता\पति कृष्ण लाल साहू पता- सिंगौड़ी, 808. नमामि राय पिता\पति विवेक राय पता- सिंगौड़ी, 809. अर्थव साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 810. पूजा राय पिता\पति पुरुषोत्तम राय पता- सिंगौड़ी, 811. ललित हरिजन पिता\पति सुशील हरिजन पता- वार्ड नंबर 1 बिरसिंहपुर पाली उमरिया।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### कलेक्ट्रेट में मप्र सरकार की 2 वर्षीय उपलब्धियों पर केंद्रित प्रदर्शनी लगी

**बैतूल।** लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित मध्यप्रदेश सरकार के विकास और सेवा के दो वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित केंद्रीत प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में जिले में हुए औद्योगिक विकास, आदि कर्मयोगी अभियान के उत्कृष्ट क्रियान्वयन, जल संचय में जनभागीदारी, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, राजस्व, रेशम, मत्स्य, जल जीवन मिशन, वन, सुशासन, ई-ऑफिस सहित विभिन्न विभागों की उपलब्धियों को आकर्षक और सुव्यवस्थित ढंग से प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, भैंसदेही विधायक महेंद्र सिंह चौहान, घोड़ाडोंगरी विधायक गंगाबाई उईके, मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे सहित बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी तथा अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण भी उपस्थित रहे और प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

### स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत वॉश ऑन व्हील सेवा का शुभारंभ

**बैतूल।** कलेक्टर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना के तहत घरेलू, संस्थागत एवं सामुदायिक शौचालयों की नियमित साफ-सफाई के लिए वॉश ऑन व्हील सेवा का विधिवत शुभारम्भ किया गया। इस सेवा का शुभारम्भ लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने स्वच्छता साथियों को स्वच्छता किट भेंट कर किया। वॉश ऑन व्हील सेवा के अंतर्गत संस्थागत कार्यालयों में स्थित सामुदायिक शौचालयों एवं घरेलू शौचालयों की साफ-सफाई के लिए मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन ऑर्डर किया जा सकेगा। ऑनलाइन ऑर्डर प्राप्त होने पर संबंधित स्वच्छता साथी निर्धारित समय पर उपस्थित होकर सेवा प्रदान करेंगे। इस योजना के अंतर्गत संस्थागत शौचालयों की साफ-सफाई हेतु 200 से 250 रुपये तथा घरेलू व्यक्तिगत शौचालयों के लिए 50 रुपये सेवा शुल्क निर्धारित किया गया है। जिले की कुल 554 ग्राम पंचायतों को 35 क्लस्टर में विभाजित किया गया है तथा प्रत्येक क्लस्टर के लिए एक स्वच्छता साथी का चयन कर क्लस्टर आवंटित किया गया है। यह सेवा वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रारंभ की गई है, जिसमें आम नागरिक अपने मोबाइल में एप डाउनलोड कर ऑनलाइन ऑर्डर कर सकते हैं। एप पर ऑर्डर प्रदर्शित होते ही संबंधित स्वच्छता साथी द्वारा सेवाएं प्रदान की जाएंगी। कार्यक्रम के शुभारम्भ अवसर पर विधायक चन्द्रशेखर देशमुख, विधायक महेन्द्र सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

### भौंरा में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

**शाहपुर।** ग्राम भौंरा में आज 14 दिसंबर रविवार को प्रातः 10.30 बजे से शाम 4 बजे तक लायंस क्लब भौंरा, अनंत हार्ट केयर फाउंडेशन और जिला स्वास्थ समिति बैतूल के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। शिविर का लाभ लेने के लिए मरीजों को अपने साथ आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी, आधार कार्ड साथ लाना आवश्यक है। शिविर ग्राम पंचायत भवन भौंरा परिसर में आयोजित होगा। जिसमें हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अपूर्व झा, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. ज्ञानेंद्र नीखरा, शल्य चिकित्सक डॉ. स्वप्निल अग्रवाल, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. निधि अग्रवाल, नाक, कान, गला, रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋषि माहोर, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. ममता सोने मरीजों की जांच करेंगे। ईसीजी और इको हृदय की जांच निःशुल्क की जाएगी। जिसमें मुख्य रूप से जिला चिकित्सा अधिकारी बैतूल डॉ. मनोज हुरमाड़े, लायन डीपी मिश्रा अध्यक्ष, लायन ओमप्रकाश कवडक़र, लायन संतोष नायक कोषाध्यक्ष और सभी लायन क्लब भौंरा के सदस्य गण सहयोग प्रदान करेंगे।

## सिसकियां ले रही विश्व बैंक की सहायता से बनी सिंचाई परियोजना

# अधिकारियों की अनदेखी का शिकार हो रहा चंदोरा बांध

असलम अहमद ▶▶ मुलताई/बैतूल





विश्व बैंक की सहायता से करोड़ों रुपये की लागत से बनी चंदोरा मध्यम सिंचाई परियोजना अधिकारियों की अनदेखी के चलते दिन-ब-दिन बद से बदतर होती जा रही है। एक समय किसानों के लिए वरदान माने जाने वाला चंदोरा बांध अब एक बार फिर अपने भविष्य को लेकर संकट में दिखाई दे रहा है।

जानकारों के अनुसार चंदोरा बांध के अप पोर्शन और डाउन पोर्शन में जगह-जगह पिचिंग धंस चुकी है। बांध के निचले हिस्से और टॉप लेवल पर बड़ी-बड़ी झाड़ियाँ उग आई हैं, जो अब पेड़ों का रूप ले रही हैं। इनकी जड़ों से बांध के मुख्य स्ट्रक्चर को नुकसान पहुँच रहा है। ऊपरी सतह इतनी खराब है कि वहाँ वाहन चलाना तो दूर, पैदल चलना भी कठिन हो गया है। जबकि टॉप लेवल को आपातकालीन मार्ग है, जिसका रख-रखाव अत्यंत आवश्यक होता है। इसके बावजूद चंदोरा जैसे संवेदनशील बांध के टॉप लेवल की हालत बेहद दयनीय बनी हुई है। चंदोरा बांध की स्थिति, जहाँ लगातार बिगड़ती जा रही है, वहीं इससे जुड़ी नहरें भी जगह-जगह से टूट रही हैं और अपनी दिशा बदल रही हैं।

### 31 जुलाई की सुबह याद कर आज भी सिहर उठते हैं किसान

*31 जुलाई 1991 की वह सुबह आज भी चंदोरा बांध क्षेत्र के किसानों को सिहरा देती है। उस दिन चंदोरा बांध का आरडी 610 से 840 के बीच का हिस्सा टूटकर बह गया था। तेज बहाव के कारण कई गाँव जलमग्न हो गए थे। इस जल-तांडव में अनेक मवेशियों की मौत हो गई थी और सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि बंजर हो गई थी। फसलें पूरी तरह तबाह हो गई थीं। इस भीषण त्रासदी को किसान आज भी भूले नहीं हैं। इसके बावजूद शासन-प्रशासन ने कोई ठोस सबक नहीं लिया। चंदोरा बांध का निर्माण कार्य वर्ष 1984 में प्रारंभ हुआ था। बांध ढहने के बाद इसे सिंचाई योग्य बनाने के लिए सिंचाई वैज्ञानिक डॉ. थॉमस की सलाह पर कई सुधार कार्य किए गए और वर्ष 2005 में बांध को पूरी तरह भरा गया। निर्माण और सुधार की इस पूरी प्रक्रिया में 20 वर्षों से अधिक का समय लगा। आज 2025 तक, लगभग 40 वर्ष बीत जाने के बाद भी चंदोरा बांध का पानी नहर के अंतिम छोर (टेल) तक नहीं पहुँच पा रहा है।*

### किसानों के खेत की बजाय नदी में बहता नहर का पानी

*नहरों की सफाई के नाम पर सिंचाई विभाग हर वर्ष लाखों रुपये खर्च करता है, लेकिन यह राशि कहाँ और कैसे खर्च की जाती है, इसकी जमीनी हकीकत कहीं नजर नहीं आती। रख-रखाव के अभाव में चंदोरा बांध और उसकी नहरें बर्बादी की ओर बढ़ रही हैं। इसका सीधा नुकसान किसानों को हो रहा है, क्योंकि पानी खेतों तक पहुँचने के बजाय ताप्ती नदी में बह रहा है। किसानों ने उनका नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अधिकारी शिकायत करने वालों को बाद में निशाना बनाते हैं। हकीकत यह है कि चंदोरा से बाड़े गाँव तक नहरों की सफाई के नाम पर औपचारिकता भी पूरी नहीं की गई है। जगह-जगह झाड़ियाँ उगी हैं, जिससे लाइनिंग के मुख्य निर्माण को नुकसान पहुँच रहा है। कुंडलिक बारस्कर के खेत के ऊपर नाले के पास नहर, कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो चुकी है। कइयों जगहों पर ब्रांच नहरें बंद नहीं हो पाने के कारण पानी किसानों को मिलने के बजाय सीधे ताप्ती नदी में बह रहा है।*

### इनका कहना है

*चंदोरा जलाशय की लाइनिंग का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। जलाशय की सफाई के लिए विस्तृत योजना बनाकर जल्दी ही कार्य शुरू किया जाएगा। वर्तमान में चंदोरा के अंतिम टेल क्षेत्र तक पानी नहीं पहुँच पा रहा है, इस समस्या का भी शीघ्र समाधान किया जाएगा।*

**चंद्रशेखर देशमुख**, विधायक, मुलताई विधानसभा

*चंदोरा बांध के सुधार के लिए ड्रिप फेस-2 योजना के तहत 12 करोड़ 92 लाख रुपये का एस्टीमेट तैयार किया गया है। इसके अतिरिक्त ईआरएम योजना के अंतर्गत नहर लाइनिंग कार्य के लिए 18 करोड़ 42 लाख रुपये की योजना प्रस्तावित है। विभागीय प्रक्रिया पूर्ण होते ही सुधार कार्य प्रारंभ किया जाएगा।*

**शिवकुमार नागले**, प्रभारी एसडीओ, जल संसाधन विभाग, मुलताई

## बैतूल-अमरावती हाईवे पर हादसा, कंडक्टर गंभीर घायल

# ट्रक 200 फीट खाई में गिरा, चालक की मौत



**बैतूल।** बैतूल-अमरावती स्टेट हाईवे पर ट्रक लगभग 200 फीट गहरी खाई में गिर गया। ताप्ती घाट के पास हुए इस हादसे में ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रक बैतूल से भैंसदेही की ओर जा रहा था। घटना की सूचना मिलते ही खेड़ी पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय ग्रामीणों की सहायता से बचाव अभियान शुरू किया गया। गहरी खाई और दुर्गम क्षेत्र होने के कारण पुलिस को शव और घायल व्यक्ति को बाहर निकालने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा। खेड़ी-सांवलीगढ़ चौकी प्रभारी राकेश शरियाम ने बताया कि पुलिस दल तत्काल घटनास्थल पर पहुंचा। ट्रक पूरी तरह घाटी में गिरा हुआ था। ग्रामीणों की मदद से चालक और परिचालक को खाई से बाहर निकाला गया और एंबुलेंस से बैतूल जिला चिकित्सालय भेजा गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने ट्रक चालक राहुल पिता गुलाब कनाठे (32), निवासी भैंसदेही को मृत घोषित कर दिया। परिचालक संजू पिता नंदलाल अहाके (26), निवासी भैंसदेही गंभीर रूप से घायल है और उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। परिजनों के पहुंचने के बाद जिला चिकित्सालय में शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

### नीलगाय से टकराई बाइक, युवक की मौत

**बैतूल।** सापना घाट में बैतूल-नागपुर हाईवे पर सापना बांध के पास शुक्रवार रात सडक़ हादसे में 21 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक की बाइक अचानक सामने आई नीलगाय से टकरा गई। हादसे में एक युवक की जान चली गई, जबकि उसका साथी घायल हुआ है। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान पधारू ढाना निवासी अंकित पिता शिवराम (21) के रूप में हुई है। अंकित अपने साथी विनोद के साथ मुलताई में चल रहे ताप्ती मेले में शामिल होने जा रहा था। इसी दौरान सापना बांध के पास अचानक नीलगाय सडक़ पर आ गई, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर उससे टकरा गई। हादसे में अंकित को गंभीर चोटें आईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वह करीब एक घंटे तक घटनास्थल पर घायल अवस्था में पड़ा रहा। बाद में एम्बुलेंस से उसे जिला अस्पताल बैतूल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे में बाइक चला रहा विनोद भी घायल हुआ है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है और उसका इलाज जारी है।

## पेट फटने से एक गंभीर

# बर्थडे पार्टी में डांस का विवाद, 4 युवकों ने 2 दोस्तों को चाकू घोंपे



**बैतूल।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम कनारा डोमा ढाना में शुक्रवार रात जन्मदिन की पार्टी खुशियों की जगह चीख-पुकार में बदल गई। डीजे पर डांस करने को लेकर हुए मामूली विवाद में चार अज्ञात युवकों ने मिलकर दो दोस्तों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में एक युवक की हालत बेहद नाजुक है, जिसे डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर कर दिया है। घटना रात करीब 10.30 बजे की है। पार्टी में युवा नाच रहे थे, तभी किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद इतना बडा कि चार लडकों ने चाकू निकाल लिए। हमले में बोथी निवासी अर्जुन पिता गन्नू गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके पेट और कंधे पर चाकू के गहरे घाव लगे हैं। खून ज्यादा बहने और हालत बिगडऩे पर उसे भोपाल रेफर किया गया है। चाकूबाजी में अर्जुन के साथी निलेश पिता बुद्धू निवासी बोथी को भी चोटें आई हैं। हमलावरों ने उसकी गर्दन और छाती पर वार किए। निलेश का इलाज जिला अस्पताल बैतूल में जारी है। घटना के बाद घबराए ग्रामीणों ने दोनों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलते ही खेड़ी चौकी प्रभारी राजेश सरियाम पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे और घायलों के बयान दर्ज किए। पुलिस ने देर रात ही आरोपियों की तलाश में टीमें रवाना कर दी हैं, हालांकि अभी तक हमलावरों की पहचान और गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं हुई है।

## पटवारी संघ की बैठक संपन्न

# एप के माध्यम से उपस्थिति का पटवारियों ने किया विरोध



**बैतूल।** मप्र पटवारी संघ की बैठक द्वारका मैरिज लॉन, कालापाठा में संपन्न हुई। संघ की बैठक में जिले के समस्त पटवारी सम्मिलित हुए। पटवारी संघ की बैठक में उपस्थित समस्त पटवारियो द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किए। संघ के जिला अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने सार्थक एप के माध्यम से उपस्थिति लॉगिन करने को पुरजोर विरोध किया गया। जिला सचिव सुभाष पवार ने बताया कि संघ द्वारा संगठन के चुनाव तहसील एवं जिला स्तर पर किए जाने पर विचार-विमर्श किया गया। केशव कोस और प्रांतीय प्रचार मंत्री दिलीप कराचे ने महिला पटवारियों से शाम 6 बजे के बाद कार्य से मुक्त रखने की बात कही। प्रवक्ता विवेक मालवी रात्रिकालीन मीटिंग नहीं लिए जाने का मुद्दा उठाया। तहसील बैतूल में पदस्थ पटवारी अजय खातरकर को प्रभारी राजस्व निरीक्षक द्वारा अभद्र व्यवहार करने का विरोध व्यक्त किया गया साथ ही पटवारी संघ द्वारा पटवारियों को वर्तमान परिवेश में कार्यक्षेत्र को होने वाली कठिनाइयों के निराकरण किए जाने पर चर्चा की गई। इसमें प्रहलाद बामनकर, मोरध्वज टिकमें, पांडू देशमुख सहित संघ के पदाधिकारी, सदस्य मौजूद थे।

### स्कूल में नाबालिग छात्रा ने जहरीला पदार्थ खाया, हालत गंभीर, अस्पताल में भर्ती

**बैतूल।** रानीपुर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा ने स्कूल परिसर में जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल बैतूल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत सामान्य बताई जा रही है। थाना प्रभारी अरविंद कुमरे ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि छात्रा ने सोडियम सल्फेट का सेवन किया था। जानकारी के अनुसार, छात्रा को यह पता चला था कि उसके कुछ परिचितों ने स्कूल के ही एक छात्र को उससे बातचीत करने पर डांटा था। इस बात से आहत होकर छात्रा ने यह आत्मघाती कदम उठाया। स्कूल स्टाफ ने तत्काल छात्रा को घोड़ाडोंगरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बैतूल जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने इस मामले में विस्तृत जांच शुरू कर दी है। टीआई कुमरे ने यह भी स्पष्ट किया कि अब तक की जांच में छात्रा के साथ किसी तरह की छेड़छाड़ या अन्य अपराध की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस स्कूल प्रबंधन और परिजनों के बयान दर्ज कर रही है। बालिका द्वारा खाए गए पदार्थ की भी अभी पुष्टि नहीं हुई है।

# 13 करोड़ रुपए के गबन का एक और आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल।** जनपद पंचायत भीमपुर एवं जनपद पंचायत चिचोली मे हुए 13 करोड के गबन मामले में पुलिस ने एक और आरोपी पंकज यादव पिता स्व. रामकिशोर यादव निवासी सेंट पॉल स्कूल के पास पलासिया इंदौर को गिरफ्तार किया है।

दरअसल 19 मार्च को फरियादी इंदिरा मेहतो जिला समन्वयक अधिकारी बैतूल द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जनपद पंचायत कार्यालय भीमपुर एवं जनपद पंचायत चिचोली में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कुल 13 करोड 21 लाख 71 हजार 220 रुपये की राशि का गबन के संबंध में एक लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। आवेदन पर प्रथम दृष्टया अपराध धारा 420, 409,120 (बी) भादवि 13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम का पाया जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना में प्रकरण के चार आरोपियो की गिरफ्तारी पूर्व में की जा चुकी थी। प्रकरण की विवेचना में ज्ञात हुआ कि 3 करोड़ 27 लाख रुपए लगभग की राशि आरोपी पंकज यादव पिता स्व. रामकिशोर यादव उम्र 35 साल निवासी लाला रामनगर सेंट पॉल स्कूल के पास पलासिया इंदौर के पास आना भी पाया गया। आरोपी से पूछताछ में बताया कि उसने उक्त राशि युमेंद्र उर्फ दीपक रहांगडाले जो पूर्व में गिरफ्तार हो चुका से प्राप्त की है, जो कुछ राशि उसने युमेंद्र के कहने पर राजेंद्र और उसकी पत्नी से कैश प्राप्त की एवं कुछ राशि डायरेक्ट खाते में प्राप्त की है। आरोपी ने बताया कि वह इंदौर में हॉस्टल का संचालन करता है, उसके द्वारा हॉस्टल के लिए लोन लिया गया था जिसे वह चुका नही पा रहा था। उसी दौरान युमेंद्र से उसकी पहचान गीता भवन में हुई। उसकी पहचान यूमेंद्र के लिए कम करने वाले राजेंद्र परिहार से हुई। तब पंकज ने लोन न चुका पाने एवं पैसे की जरूरत होने की बात बताई।

### रेलवे क्रॉसिंग के पास अज्ञात का मिला शव

**बैतूल।** रानीपुर थाना क्षेत्र में धाराखोह रेलवे क्रॉसिंग के पास जंगल में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। सूचना मिलने पर थाना रानीपुर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच शुरू की। रानीपुर थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक अहमद अली खान ने बताया कि मृतक ने विनायकम स्कूल लिखा हुआ टी-शर्ट पहना हुआ था। स्कूल प्रबंधन से संपर्क करने पर पता चला कि यह स्कूल करीब सात वर्ष पहले बंद हो चुका है। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि मृतक बैतूल के ओझा ढाना इलाके का हो सकता है या संभवतः कबाड़ बीनने का काम करता रहा होगा। थाना प्रभारी अरविंद कुमरे ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मृतक के ट्रेन से गिरकर घायल होने और मौके पर पड़े रहने के कारण मौत होने की आशंका जताई जा रही है। शव की पहचान के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने शव को घोड़ाडोंगरी ले जाकर सुरक्षित रख लिया है। मृतक के परिजनों की जानकारी मिलने पर शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पुलिस ने मर्ग कायम कर वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दी है।

# जनजातीय बाहुल्य बैतूल में शीघ्र अत्याधुनिक मेडिकल कॉलेज स्थापित होगा: प्रभारी मंत्री




**बैतूल।** राज्यमंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा तथा जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने प्रदेश सरकार के विकास और सेवा के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश सरकार के दो वर्षों के कार्यकाल को जनसेवा, सुशासन और विकास को समर्पित बताते हुए सरकार की प्रमुख उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी मीडिया प्रतिनिधियों को दी। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने बीते दो वर्षों में गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्ग के हित में अनेक जनकल्याणकारी निर्णय लिए हैं। जिले में स्वास्थ्य, उदयोग, शिक्षा, सडक़, जल आपूर्ति, आवास, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने कहा कि भारत सरकार द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान में बैतूल जिले को बेस्ट परफार्मेंस जिले के रूप में चुना गया, जिसके लिए राष्ट्रपति द्वारा बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी को सम्मानित किया गया।

## एआई एवं मेंटल हेल्थ एंड वेलनेस पर दिया गया प्रशिक्षण

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला हुई



**मुलताई।** नगर कोरोला पब्लिक स्कूल में आज सीबीएसई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (ष्टशश्व) के तत्वावधान में एक दिवसीय ऑफलाइन प्रशिक्षण सत्र का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य विषय कक्षाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग एवं मेंटल हेल्थ एंड वेलनेस रहा। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत शिक्षा में तकनीक के समावेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यशाला में शिक्षकों को भविष्य की आधुनिक शिक्षण पद्धतियों से अवगत कराया गया। सुबह से शाम तक चले इस गहन प्रशिक्षण सत्र में विषय विशेषज्ञ (रिसोर्स पर्सन) के रूप में भोपाल से आईं दो प्रमुख शिक्षाविद उपस्थित रहीं। कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल, भोपाल की पीजीटी रूना पॉल एवं सेंट थॉमस कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, भोपाल की पीजीटी भावना श्रीवास्तव ने मुख्य वक्ता के रूप में मार्गदर्शन दिया। रिसोर्स पर्सन ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल कंप्यूटर तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि इसे गणित, विज्ञान और भाषा जैसे विषयों के साथ जोडक़र शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने शिक्षकों को विभिन्न एआई टूल्स, चैटबॉट्स और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का डेमो प्रस्तुत किया, जिससे छात्रों की सीखने की क्षमता को और बेहतर बनाया जा सके। कार्यशाला के दौरान एआई के उपयोग के साथ-साथ मेंटल हेल्थ एंड वेलनेस पर भी विशेष चर्चा की गई।

## विकास और सेवा के 2 वर्ष पूरे

# प्रदेश खुशहाली के रास्ते पर अग्रसर : नरेंद्र शिवाजी पटेल




**बैतूल।** भाजपा को लगातार जनता का मिल रहा समर्थन स्पष्ट संदेश देता है कि मतदाता और जनता भाजपा पर पूरा भरोसा जताते हैं। मध्य प्रदेश की डॉ मोहन यादव सरकार के 2 साल पूरे होने पर भाजपा जिला कार्यालय विजय भवन में आयोजित विकास और सेवा के दो वर्ष की बैठक में जिले के प्रभारी मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल शामिल हुए,उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि प्रदेश की मोहन सरकार के यह दो वर्ष सौगातो से भरे हुए हैं। मात्र दो वर्षों में प्रदेश की मोहन सरकार द्वारा देश की नरेंद्र मोदी सरकार के साथ अद्भुत तालमेल और समन्वय के कारण प्रदेश आज खुशहाली के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इन मात्र 2 वर्षों में मोहन यादव सरकार द्वारा विकास को गति प्रदान की है, जो आगे भी जारी रहेगी। स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रदेश सरकार द्वारा अद्भुत कार्य किए गए हैं, जिससे बैतूल जिले को जल्द ही मेडिकल कॉलेज की सुविधा मिलने वाली है। एयर एंबुलेंस से मरीजों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके।

## समिति के सुझावों का जनहित में होगा प्रभावी क्रियान्वयन

# बैतूल को विकास मॉडल बनाने में सलाहकार समिति सक्रिय रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री एवं उपाध्यक्ष जिला सलाहकार समिति नरेन्द्र शिवाजी पटेल की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जिला विकास सलाहकार समिति जिले के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि समिति द्वारा जिले की जनता, जनप्रतिनिधियों व अन्य हितधारकों की जरूरतों और सुझावों के अनुसार जिले के दीर्घकालीन विकास की योजनाएं बनाएं। जिससे जिला विकसित भारत और विकसित मध्यप्रदेश की संकल्पना को पूरा करने में अग्रणी भूमिका निभाए। जिले के परंपरागत कौशल को भी जैसे जिले की समृद्ध भरेवा कला को चिन्हित कर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के वोकल फॉर लोकल के सिद्धांत के दृष्टिगत उन्हें राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देते हुए जिले की समृद्धि का रोडमैप भी तैयार करें। जिले की स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए शासकीय योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू करने के महत्वपूर्ण सुझाव दिया जाएं, जिसका क्रियान्वयन जनहित में हो सकें। साथ ही जिले में स्थानीय प्रयासों से प्रचलित नवाचारों को योजना के रूप में मूर्त रूप दिया जा सकें। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने कहा कि समिति जिले में रोजगार सृजन एवं विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्यों के साथ उद्योग, व्यापार, जल संरचनाओं के संरक्षण, निर्यात, कृषि, खनिज, पर्यावरण आदि क्षेत्रों में जिले की कार्ययोजना पर आवश्यक सुझाव दिया जाएं। बैठक में विस्तृत प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में विकास और सेवा के विगत 2 वर्षों में राज्यसरकार और जिले की उपलब्धियों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी।

### समिति सदस्यों द्वारा दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

बैठक में समिति सदस्यों द्वारा जिले बाल मृत्यु दर और मातृ मृत्यु दर में और अधिक कमी लाने के उद्देश्य से जिले में एनीमिया रक्षण गतिविधियों को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चलाने के सुझाव दिए गए। जिले में मक्का उत्पादन के बढ़ते रकबे को देखते हुए किसानों के हित में आवश्यक कदम उठाने के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गईं। बैतूल के नएगांव रोड़ां में बनाएं गए बैराज को पूरे जिले में मॉडल के रूप में अपनाया जाए।

## संक्षेप खबर

### सरस्वती स्कूल में आनंद बाल मेला संपन्न

**इटारसी।** आर्यनगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में शनिवार को "आनंद बाल मेला" हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। मेले में विद्यार्थियों ने खानपान, विविध खेल-गतिविधियों के आकर्षक स्टाल से रचनात्मकता, प्रबंधन क्षमता और टीमवर्क का परिचय दिया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव देना है। कार्यक्रम में समिति उपाध्यक्ष अभिषेक तिवारी, समिति सदस्य शुभ्रा विवेक चांडक, अभिभावक, प्रधानाचार्य एवं शिक्षक परिवार सक्रिय रूप से सहभागी रहे।

### महारैली में पहुंचेंगे जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता

**इटारसी।** आज 14 दिसंबर रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में वोट चोर गद्दी छोड महारैली में आयोजित की जा रही है। जिसमें नर्मदापुरम जिले से बड़ी संख्या में कांग्रेसजन जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडे के नेतृत्व में दिल्ली पहुंचेंगे। कांग्रेसजन श्रीधाम एक्सप्रेस, कालका एक्सप्रेस एवं अन्य ट्रेनों से 13 दिसंबर रात्रि को दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं। शनिवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्षपांडेय के नेतृत्व में वरिष्ठ कांग्रेस जनों से विचार विमर्श किया गया।

### कम मजदूरी मिलने के कारण कतरा रहे मजदूर, नहीं हो रहीं धान की ढुलाई

# मजदूरों की कमी के चलते खुले में रखी धान, शासन को हो सकता है नुकसान

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र में धान खरीदी केंद्र खुले हुए हैं लेकिन नान एफ ए क्यूधान अधिक मात्रा में खरीदी केन्द्रों पर पाई जा रही है। लगभग सभी जगह वेयरहाउसिंग लाजिस्टिक्स कारपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से खरीदी केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें हद से ज्यादा धान भरी जा रही है।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र में धान खरीदी केंद्र खुले हुए हैं लेकिन नान एफ ए क्यूधान अधिक मात्रा में खरीदी केन्द्रों पर पाई जा रही है। लगभग सभी जगह वेयरहाउसिंग लाजिस्टिक्स कारपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से खरीदी केंद्र बनाए गए हैं। लेकिन फिर भी पूरी तरह से खाली कोई भी वेयर हाउस नही था। उसके बाद भी बना दिया गया। संसाधन की कमी इतनी अधिक है कि अन्न दाता को पानी तो दूर बैठने को भी कोई व्यवस्था नहीं है। शौचालय निर्माण कार्य तो लगभग कहीं भी नहीं है।

लगभग हजारों टन धान खरीदी केंद्र खुले में रखी है। इशिता वेयरहाउसिंग, देवगांव सेवा सहकारी समिति सब्जी मंडी में खरीदीं केंद्र पर तौल कांटे पर्याप्त मात्रा में नहीं है। परिवहन भी नहीं है। कहीं भी अभी स्टैंडिंग भी नहीं है। हम्माल जनोंके कारण तुलावटी भी नहीं है। खापरखेड़ा समिति प्रबंधक राकेश पुरोहित ने बताया कि मजदूर संघ बजार के अनुसार मजदूरी की राशि खर्च मांग कीहै लेकिन अभी तक शासन ने सरकारी खरीदी में इतनी राशि ही नहीं दी है। जिसके कारण उठाव नहीं हो रहा है।ना कांटे पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था नहीं है।6रूपे कट्टी दी जा रही है।


जबकि मजदूर 10रुपे कट्टी मांग रहे हैं। लोडिंग अनलोडिंग में भी सरकारी खर्च कम से। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान कोई विशेष रुचि नहीं दिखाई दे रहे हैं। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मनोज कुमार शुक्ला सहित अन्य अधिकारी भी संज्ञान नहीं ले रहे हैं। विशेष तौर से तो राइस मिलर की ही धान इधर उधर करते हुए देखने को मिला है। अतः शासन कोचाहिए कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से लेकर सभी फ़सल की खरीद पर मजदूरों को राशि बढ़ाकर प्रदान करने से परेशानी नहीं होगी।

**सतत निरीक्षण के निर्देश**

कलेक्टर ने उपार्जन प्रकिग्रा से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपार्जन केन्द्रों का सतत भ्रमण करें। उन्होंने उपायुक्त सहकारिता, जिला आपूर्ति अधिकारी, जिला प्रबंधक वेयरहाउसिंग आदि अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपार्जन केंद्र तथा वेयरहाउस का निरंतर निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लें। किसी भी प्रकार की अनियमित पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करें।

## कामायनी एक्सप्रेस में टीसी और यात्री में विवाद, मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



कामायनी एक्सप्रेस में सफर के दौरान एक यात्री और टीसी के बीच टिकट चैकिंग के दौरान बहस, धक्कामुक्की के बाद प्लेटफार्म पर मारपीट हो गयी। मारपीट में टीसी के गाल से चोट लगने पर खून निकलने लगा। आरोपी यात्री ने स्वयं को वोरीवली मुंबई जीआरपी में होमगार्ड पदस्थ बताया है। घटना के बाद दोपहर तक नर्मदापुरम और इटारसी जीआरपी थाने में दोनों पक्षों में शिकवा शिकायतों का दौर चला। इटारसी जीआरपी में टीसी की शिकायत दर्ज कर ली है।

दोनों पक्ष अपना पैसा, टैब सहित अन्य सामान गुमने की शिकायत कर रहे हैं। फिलहाल टीसी की शिकायत दर्ज हुई है। टीसी ने मीडिया से बातचीत में केवल इतना कहा कि टिकट चैकिंग के दौरान यात्री ने बहस करते हुए मारपीट की है। उनके पास जनरल टिकट था, आरक्षित बोगी में सफर कर रहे थे।

**यह है मामला:** कामायनी एक्सप्रेस में जिस यात्री पर मारपीट का आरोप है, उसका नाम शुभम सिंह है जो अपनी मां बिन्दु और पिता ब्रजेश सिंह के साथ भदोही उप्र से मुंबई का सफर कर रहा था। भोपाल और नर्मदापुरम के बीच टीसी टीसी राजेश कुमार ने उनको आरक्षित बोगी में पाया और टिकट मांगा, टिकट जनरल का था। पूछने पर बताया कि मां का एस-7 बोगी की बर्थ नंबर 26 में रिजर्वेशन था, वे लोग जनरल बोगी में थे। सुबह नाश्ता करने के लिए मां के पास आरक्षित बोगी में आए थे, इसी दौरान टीसी आ गया। उन्होंने सारी बात बतायी, लेकिन टीसी मानने को राजी नहीं हुआ और बहस बढ़ती गई।नर्मदापुरम स्टेशन आने पर दोनों को पकड़कर खींचकर बाहर करने लगा, हमने मना किया कि मां को ट्रेन में छोड़कर नहीं उतरेंगे तो उसने झूमाझटकी की और मारपीट पर उतारू हो गया। पिता ब्रजेश सिंह का स्वेटर खींच दिया। इसी बीच खींचतान में टीसी को चोट लगी है। पैसे चले गये शुभम सिंह ने बताया कि खींचतान में उसके बीस हजार कहां चले गये, पता नहीं। ब्रजेश सिंह ने कहा कि टीसी हमसे पैसा मांग रहा था, नहीं देने पर विवाद और खींचतान और मारपीट किया। हालांकि शुभम सिंह ने कहा कि खींचतान में पैसा गुम हुआ है।

## टांगना की ग्राम सभा में सरपंच को हटाने का प्रस्ताव पारित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

केसला विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत टांगना में शनिवार को ग्राम सचिव को सूचना देते हुए ग्राम सभा का आयोजन हुआ, जिसमें लगभग 500 ग्रामीण एवं पंचायत सदस्य उपस्थित रहे। ग्राम सभा में सर्वसम्मति से सरपंच को पद से हटाने का प्रस्ताव पारित किया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच द्वारा लगातार गाली-गलौज की जाती है तथा आवश्यक कार्य जानबूझकर लंबित रखे जाते हैं। उनकी कार्यप्रणाली मनमानी बताई गई। सरपंच को कई बार समझाने के बावजूद कोई सुधार नहीं हुआ। ग्रामीणों की लिखित शिकायत पर चर्चा की गई । ग्राम के करीब 300 लोगों ने आवेदन पर हस्ताक्षर किए। इसके बाद ग्राम पंचायत के 16 में से 12 पंचों ने प्रस्ताव के समर्थन में सहमति दी। ग्रामीणों ने बताया कि पुर्व में भी सरपंच के विरुद्ध धारा 40 के अंतर्गत कार्रवाई का मामला केसला जनपद पंचायत में लंबित हैं उक्त मामले में भी ग्रामीणों ने अतिशीघ्र सरपंच पर कार्रवाई की मांग की है।

## स्टॉक मार्केट के नाम पर की 9.85 लाख की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

शहर में एक बड़े साइबर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने आसफाबाद निवासी एक फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। आरोपी ने खुद को एक उच्च अधिकारी बताकर पीड़ित को शेयर मार्केट में निवेश और मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा दिया।

पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार, आरोपी ने फरियादी को शेयर मार्केट में स्टॉक खरीदकर मुनाफा देने का लालच दिया। विश्वास में लेकर, आरोपी ने पीड़ित से कुल 9,85,000 रुपये की राशि ऐंठ ली। यह धोखाधड़ी 20 जुलाई 2025 से 05 अगस्त 2025 के बीच की गई। पुलिस के अनुसार, धोखाधड़ी के शिकार हुए फरियादी स्वयं आसफाबाद इटारसी के रहने वाले हैं।

शिकायत विपुल दुबे पिता अवधेश कुमार, उम्र 26 वर्ष, निवासी वार्ड 21 आसफाबाद ने की है। पुलिस की अपील पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे ऑनलाइन निवेश और शेयर मार्केट से जुड़े किसी भी बड़े मुनाफे के झांसे में न आएं। किसी भी निवेश से पहले व्यक्ति और संस्था की प्रामाणिकता की पूरी तरह से जाँच करें। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

**रामलीला मैदान में आयोजित पहुंचेंगे जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता**

इटारसी। आज 14 दिसंबर रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में वोट चोर गद्दी छोड महारैली में आयोजित की जा रही है। जिसमें नर्मदापुरम जिले से बड़ी संख्या में कांग्रेसजन जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडे के नेतृत्व में दिल्ली पहुंचेंगे।

## चाकूबाजी से आहत तीन किन्नरों ने थाने में गटक लिया फिनाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी




इटारसी में किन्नरों के दो गुटों के बीच चल रहा आपसी विवाद एक बार फिर हिंसक हो गया, जिसके बाद तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई। विवाद से त्रस्त किन्नरों के एक दल की तीन सदस्यों आसमा मोरे, पिंकी मोरे, और तितली किन्नर ने दूसरे समूह पर जानलेवा हमले और लगातार प्रताडऩा का आरोप लगाते हुए शाम को पुलिस थाने में फिनाइल पी लिया।

पीड़ित पक्ष के सदस्यों ने आरोप लगाया कि सुबह विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने दोनों गुटों के बीच चल रहे विवाद को आपसी बातचीत से हल करने के लिए बुलाया था। इस दौरान दूसरे गुट के किन्नर सुंदर, तमन्ना, रुकईया उन्हें मारने के लिए तलाश रहे थे।

उनके एक साथी को दूसरे गुट से जुड़े गुंडों ने चाकू मार दिया। मीरा किन्नर ने बताया कि वे कई जगह शिकायत कर चुके हैं, लेकिन उन्हें शहर छोडऩे के लिए कहा जा रहा है और बधाई मांगने भी नहीं दिया जा रहा।

थाना प्रभारी गौरव बुंदेला ने बताया कि किन्नरों द्वारा लगाए चाकूबाजी के आरोप और फिनाइल पीने की घटना दो अलग मामले हैं। ज्ञात हो कि पिछले एक माह में किन्नरों के दोनों गुटों के बीच मारपीट और हमले की यह तीसरी घटना है, जिससे शहर में तनाव बना हुआ है।

## महा-अभियानः शहर में 250 से अधिक आवारा सूअर पकड़े गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

शहर की स्वच्छता और जनस्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए, इटारसी नगर पालिका परिषद ने शनिवार को आवारा सूअरों के खिलाफ एक बड़ा और विशेष अभियान शुरू किया है। नगर पालिका अध्यक्ष के सीधे निर्देशन में यह कार्रवाई पिछले दो दिनों से लगातार जारी है।

यह सघन कार्रवाई शहर के कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में की गई है, जिनमें पुरानी इटारसी, गरीबी लाइन, सनखेड़ा नाका, जाटाव मोहल्ला, महर्षि कॉलोनी, मालवियागंज, बुढ़ी माता के पीछे नाला मोहल्ला, मेहरा गाँव, बंगलिया नदी क्षेत्र, नगरखेड़ा, इंडस्ट्रियल एरिया, न्यास गरीबी लाइन तथा न्यास पेट्रोल पंप के पीछे के क्षेत्र शामिल हैं।

अब तक लगभग 200 से 250 आवारा सूअरों को पकड़ा जा चुका है। नगर पालिका परिषद, इटारसी ने शहर के सभी नागरिकों से इस महत्वपूर्ण अभियान में सहयोग करने और अपने क्षेत्रों में स्वच्छता एवं जनस्वास्थ्य बनाए रखने की अपील की है। नपा का कहना है कि यह अभियान भविष्य में भी जारी रह सकता है।

## कंज्यूमर प्रोटेक्शन आर्गनाइजेशन के बैनर तले विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



ऑल इंडिया कंज्यूमर प्रोटेक्शन ऑर्गनाइजेशन द्वारा बीते दिनों शहर में जागो ग्राहक जागो के माध्यम से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में मिलावट खोरी, साइबर क्राइम, डिजिटल फ्रॉड एवं शिक्षा के अधिकार पर बच्चों का बेहतर रिजल्ट आदि विषयों पर परिचर्चा हुई।

साइबर क्राइम पर न्यायाधीश विजय कुमार पाठक नर्मदापुरम ने, भारतीय रिजर्व बैंक से कु इति मेहता भोपाल एवं एसबीआई के मुख्य शाखा प्रबंधक सुजीत कुमार ने डिजिटल फ्रॉड पर विशेष रुप से जानकारियां सभी छात्राओं को बताई। कार्यक्रम में ऑर्गनाइजेशन के मध्यप्रदेश के महासचिव दीपक बनोरिया एआईसीपीओ ने खाद्य पदार्थों में मिलावट खोरी, शुद्ध से युद्ध के लिए लड़ना, मेन्यूफेक्चरिंग डेट एवं एक्सपायरी डेट सहित क्वॉलिटी देखकर सामग्री क्रय करने जैसी सावधानियां बताई। कार्यक्रम में अन्य अतिथि के तौर पर डीएसओ रश्मि साहू, दीपक अग्रवाल डके साथ ऑर्गनाइजेशन के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम समापन के पूर्व अतिथियों द्वारा कन्या शाला के चार बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी के साथ सम्मानित किया।

कार्यक्रम समापन के बाद खाद्य पदार्थ चलित मोबाइल वैन से जयस्तंभ चौक पर जागो जागो ग्राहक जागो के माध्यम से किराना दुकानों, बेकरी मसाले की दुकानों का निरीक्षण कर सैंपल कलेक्शन किया गया। उनके लाइसेंस चेक करे गए।

## आसरा वृद्धाश्रम में ऊनी मौजे के साथ ही टोपे वितरित किए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

शनिवार को बांद्राभान स्थित लक्ष्मी बाई कोदुलाल साहू स्मृति आसरा बृद्धाश्रम में गर्म ऊनी मौजे एवं टोपे का वितरण किया गया। दो दर्जन बृद्धजनों को गर्म कपड़ा सामग्री का वितरण किया गया हैं।

उल्लेखनीय है कि समाजसेवी एवं व्यवसायी रोहित बावेजा द्वारा प्रतिवर्ष बृद्धजनो के लिए गर्म ऊनी मौजे एवं टोपे आदि सामग्री दान स्वरूप प्रदान किये जाते हैं। इनका वितरण वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी प्रमोद पगारे द्वारा युवा पत्रकार भूपेंद्र विश्वकर्मा के साथ आसरा बृद्धाश्रम पहुचकर किया जाता है। इस अवसर पर आश्रम की संचालिका निर्मला माथनकर सहित स्टाफ एवं बृद्धजन उपस्थित रहे।

## ग्राम जमानी नहर में डूबे दो दोस्तों की तलाश जारी, सर्च ऑपरेशन में मिला एक अज्ञात शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



तीखड़ जमानी नहर में रविवार शाम डूबे दो युवकों की तलाश में चलाया जा रहा सर्च ऑपरेशन 24 घंटे बाद भी जारी है, लेकिन अभी तक उनका कोई सुराग नहीं मिल सका है। इस बड़े पैमाने पर चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान एक अज्ञात शव भी मिला है। डूबे युवकों की पहचान ग्राम भट्टी निवासी शिवशंकर उर्फ धन्नू वर्मा और छोटू चौधरी के रूप में बतायी जा रही है, जिनकी उम्र लगभग 35 वर्ष बताई जा रही है।

पथरोटा थाना प्रभारी संजीव कुमार पवार ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शी महिला के मुताबिक, दोनों युवक जमानी की बड़ी नहर के पास पानी पीने उतरे थे। इस दौरान एक युवक का पैर फिसल गया, और उसे बचाने के प्रयास में दूसरा युवक भी नहर के तेज बहाव में बह गया। घटना स्थल के पास से दोनों युवकों की मोटरसाइकिल भी मिली है, जिससे उनके नहर में डूबने की आशंका पुख्ता हुई। घटना की जानकारी मिलने के बाद युवकों की तलाश का अभियान चलाया जा रहा है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम मौके पर है। पुलिस के गोताखोरों तथा स्थानीय लोगों की मदद से युवकों की तलाश की जा रही है। फिलहाल, युवकों के नहर में डूबने के स्पष्ट कारणों की पुष्टि नहीं हो पाई है। प्रशासन ने आसपास के लोगों से सावधानी बरतने और किसी भी अफवाहों से दूर रहने की अपील की है।

## धारदार हथियार से जानलेवा हमला, दो आरोपी नामजद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



कंचन होटल के पास शनिवार दोपहर को एक युवक पर तीन-चार लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस मामले में इटारसी पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है, हालांकि आरोपी अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं।घटना का विवरणइटारसी पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, शेख आसिफ (22), जो ग्वाल बाबा क्षेत्र का निवासी है और ट्रेनों में खानपान सामग्री बेचने का काम करता है, आज दोपहर के समय कंचन होटल के पास मौजूद था। इसी दौरान, उसका पवन भदौरिया और प्रहलाद सराठे नामक व्यक्तियों से किसी बात को लेकर वाद-विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि हमलावरों ने शेख आसिफ पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।हमले में घायल युवक शेख आसिफ को गंभीर चोटें आई हैं। उसके चेहरे पर चार से पांच टाँके लगे हैं। पेट, गाल और हाथ पर भी गंभीर चोटें आई हैं और टाँके लगाए गए हैं। पुलिस द्वारा आसिफ को पहले सरकारी अस्पताल लाया गया था, लेकिन बाद में परिजनों ने उसे इटारसी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने पवन भदौरिया और प्रहलाद सराठे के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## मकान तोड़े जाने से बेघर हुए आदिवासियों ने किया कलेक्ट्रेट गेट का घेराव, की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



अनुभाग के केसला ब्लॉक के ग्राम टांगना में आदिवासियों ने मकान तोड़े जाने के विरोध में पहले एसडीएम कार्यालय इटारसी और यहां सुनवाई नहीं होने पर नर्मदापुरम जाकर कलेक्ट्रेट गेट का घेराव किया। करीब ढाई घंटे तक आदिवासी महिला, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चे कलेक्ट्रेट गेट पर न्याय और पुनर्वास की मांग को लेकर बैठे रहे।प्रशासनिक कार्रवाई और बाधादोपहर 3 बजे से शाम 5:30 बजे तक प्रदर्शनकारियों ने कलेक्ट्रेट गेट को घेरकर रखा। सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र प्रताप सिंह, तहसीलदार सरिता मालवीय, और कोतवाली टीआई कंचन सिंह ठाकुर ने लोगों को मनाने की कोशिश की, लेकिन वे मानने को तैयार नहीं हुए। प्रदर्शनकारियों ने मकान तोडऩे वालों पर कार्रवाई करने और उन्हें नया मकान बनाकर देने की मांग की।पीड़ित परिवारों का दर्द, हमें बेघर किया गयाएक पीड़ित बच्ची ने रोते हुए कहा, पुलिस और सरपंच ने हमारे मकान जेसीबी से ढहा दिए, हमें बेघर किया गया। अब हम कड़कड़ाती ठंड में खुले में रहने को मजबूर हैं।कोर्ट के आदेश पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई : यह कार्रवाई जमीन के पारिवारिक विवाद के मामले में कोर्ट के आदेश पर पांच गरीब आदिवासी परिवारों के मकानों को हटाने के लिए की गई। नोटिस न मिलने का आरोप पीड़ित परिवारों मनोता बाई कलमे, किसानलाल कलमे, अभेराम दास कलमे, रामदास कलमे का कहना है कि उन्हें कोई नोटिस नहीं दिया गया। सामान मलबे में दबा परिवारों ने शिकायत की कि उन्हें आटा, अनाज, कपड़े, आधार कार्ड और अन्य जरूरी दस्तावेज तक बाहर निकालने नहीं दिए गए( , जिससे सारा सामान मलबे में दब गया।

## आज अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

भारतीय हॉकी के गौरवशाली इतिहास को समर्पित अखिल भारतीय महात्मा गांधी स्मृति हॉकी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ आज, किया जाएगा। यह आयोजन नगर के खेल प्रेमियों के लिए उत्साह और गौरव का विषय होगा। उद्घाटन समारोह दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा।

**आमंत्रित प्रतिभागी टीमें** इस महाकुंभ में देश के विभिन्न राज्यों और विभागों की डेढ़ दर्जन से अधिक प्रतिष्ठित टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में शामिल होने वाली प्रमुख आमंत्रित टीमों में दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर, साउथ सेंट्रल रेलवे सिकंदराबाद, उत्तर-मध्य रेलवे इलाहाबाद, दक्षिण-पश्चिम रेलवे बैंगलोर सहित आर्मी ग्रीन जालंधर, पाम्पोश राउरकेला, महाराष्ट्र इलेवन, रायपुर एकेडमी, साई बरेली, सैफई उत्तर प्रदेश, एफसीआई पुणे, अमरावती महाराष्ट, सीपीएमजी भोपाल, जबलपुर, इंदौर, बालाघाट की टीमें रहेंगी। शुभारंभ के अवसर पर दो रोमांचक मैच खेले जाएंगे।

पहला उद्घाटन मैच ऑर्डिनेंस फैक्ट्री इटारसी बनाम बैतूल तथा द्वितीय मैचः जबलपुर बनाम हरदा के मध्य खेला जाएगा। शुभारंभ के अवसर पर नपा इटारसी के अध्यक्ष, पार्षदगण तथा हॉकी इटारसी के वरिष्ठ खिलाड़ी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे आयोजन समिति ने समस्त खेल प्रेमियों एवं नगरवासियों से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाडिय़ों का उत्साहवर्धन करें।

प्रारूप : दस
( नियम 7 देखिये )

**न्यायालय नायब तहसीलदार वृत शोभापुर सोहागपुर, जिला-नर्मदापुरम म.प्र.**

रा.प्र.क्र. 0001/अ-20(3)/2025-26
मौजा- माछा तहसील सोहागपुर
मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, सोहागपुर ............... आवेदक
बनाम
म.प्र. शासन ................. अनावेदक

// उद्घोषणा //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, सोहागपुर द्वारा ग्राम माछा, रा.नि. म. शोभापुर, तहसील सोहागपुर स्थित भूमि ख.न. 69 रकबा 0.6360 हे. में से 6433 वर्गमीटर भूमि आश्रय स्थल निर्माण हेतु भूमि आवंटन की मांग की गई है। न्यायालय नायब तहसीलदार वृत शोभापुर तहसील सोहागपुर में राजस्व प्रकरण 0001/अ-20(3)/2025-26 दर्ज किया जाकर विचाराधीन है। उक्त भूमि आवंटन में जिस किसी व्यक्ति, संस्था को प्रश्नाधीन भूमि के आवंटन में कोई आपत्ति हो तो वह स्वंय अथवा अपने अभिभाषक, जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये हों, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर पेशी दिनांक 18 दिसंबर 2025 के पूर्व अथवा पेशी दिनांक तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि के पश्चात् प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 01/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार वृत शोभापुर तहसील सोहागपुर**

### प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में वन नेशन वन इलेक्शन पर संवाद किया

# देश के अहम मुद्दों पर युवाओं की वैचारिक सहभागिता जरूरी: उईके



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

भारत सरकार के अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री डी.डी. उइके ने कहा कि देश हित में धन एवं समय की बचत व विकास योजनाओं के निर्बाध संचालन की दृष्टि से वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर समूचे देश में परिचर्चाएं एवं संवाद जारी हैं। युवाओं से अपेक्षा है कि वे भी देश के महत्वपूर्ण एवं ज्वलंत विषयों में अपनी वैचारिक सहभागिता सुनिश्चित करें। उइके प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर आयोजित छात्र संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा ने की। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गेहलोत, जिला पंचायत सदस्य कमलेश सेजकर, जिला ओलम्पिक संघ अध्यक्ष संदीप पटेल सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे। अपने संबोधन में उइके ने कहा कि युवा एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में स्वयं में वैश्विक दृष्टिकोण जाग्रत करें एवं देश हित के अहम मुद्दों में अपनी सहभागिता निभाएं। उन्होने कहा कि देश के निर्बाध विकास के लिये वन नेशन वन इलेक्शन की अवधारणा को प्रभावशील किया जाना देशहित में आवश्यक है।

#### वन नेशन वन इलेक्शन की अवधारणा प्रभावशील किया जाना जरूरी

इसके पूर्व वन नेशन वन इलेक्शन प्रदेश कार्यसमिति की सदस्य मुक्ता ढोलेकर ने संवाद के मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि निर्वाचन की प्रशासनिक एवं वित्तीय लागत को कम करने, लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़, पारदर्शी एवं मितव्ययी बनाने तथा समय की बचत के लिये वन नेशन वन इलेक्शन की अवधारणा प्रभावशील किया जाना जरूरी है। इससे विकास कार्यों को भी गति मिलेगी। कार्यक्रम के अंत में जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा ने अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए वन नेशन वन इलेक्शन व्यवस्था के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में महाविद्यालय की प्राचार्य संगीता बिले ने स्वागत भाषण में देशहित में युवा शक्ति के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम के पूर्व अतिथियों ने स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम के गायन के साथ किया गया।

## सांसद खेल महोत्सव का समापन

### केंद्रीय राज्य मंत्री उइके ने खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों का किया सम्मान



जिला खेल और युवा कल्याण विभाग हरदा के समन्वय से सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत हरदा एवं टिमरनी विधानसभा क्षेत्र में प्रचलित खेल कबड्डी, खो खो, रस्साकसी, पिट्टू, योग एवं ओलम्पिक खेल हॉकी, फुटबाल, क्रिकेट आदि खेलों का आयोजन 2 से 11 दिसम्बर तक किया गया। इस अवसर पर शनिवार को नेहरू स्टेडियम में आयोजित समापन कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, जिला अध्यक्ष भाजपा राजेश वर्मा, ओलम्पिक संघ अध्यक्ष संदीप पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह, उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गेहलोत ने प्रतियोगिता के विजेता, उपविजेता खिलाड़ियों एवं प्रतियोगिता के आयोजन में सहयोग प्रदान करने वाले निर्णायकों को सम्मानित किया।

#### 22 को बैतूल में सांसद खेल महोत्सव में शामिल होंगे

ब्लाक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि हरदा, खिरकिया व टिमरनी ब्लॉक से लगभग 5 हजार खिलाड़ियों ने संकुल, ब्लॉक एवं विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल हुए। सभी चयनित खिलाड़ी 22 दिसंबर से बैतूल में आयोजित सांसद खेल महोत्सव में शामिल होंगे। समापन अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी विजय जाट, देवी सिंह सांखला, अंकित कनेरे, नितेश बादर, अतुल बारंगे, विनीत गीते, राजकुमार चंदेल, व्यायाम शिक्षक रामनिवास जाट, हीना अली, विक्रांत अग्रवाल, नरेंद्र भाटी, गिरिजा शंकर राजपुत, बसंत राजपूत, उदय चौहान, अखिलेश विश्नोई, देवेंद्र विश्नोई, राहुल विश्नोई, राजेश बिलिया, संदीप जाट, सीताराम जाट, संदीप सौदे, अख्तर अहमद, नवनीत शुक्ला, सौरभ तिवारी, भूपेंद्र सिंह तोमर, सूरज राजपूत उपस्थित रहे।

### शास्त्रों के मर्म को समझें

# अदभुत शैली में सुनाई महाभारत की संगीतमय कथा, श्रोता रोमांचित हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



ग्राम पीपल्या मकड़ाई के राधाकृष्ण मंदिर गौर समाज मांगलिक भवन में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस में पमहाराज तरुण तिवारी नर्मदापुरम ने श्रीमद् भागवत के मुख्य विषय वस्तु से समस्त श्रोताओं को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि प्रश्नोत्तरी से ही कथा का उदय होता है। प्रश्नों का उत्तर देते हुए महाराज ने दिव्य महाभारत का प्रसंग, परीक्षित का जन्म शुकदेव महामुनि का गंगा तट पर आगमन आदि की सुंदर कथा सुनाई। विशेष कर महाभारत के प्रसंग को सुनकर समस्त श्रोताओं के हृदय में रोमांच हो गया क्योंकि यह महाभारत की कथा बड़ी ही दिव्य है जिसे पंचम वेद की उपाधि दी गई है। आज हमारे समाज में अपवाद है कि महाभारत आदि पवित्र ग्रंथ रखने से घर में महाभारत अर्थात लड़ाई होती है। उन्हे शास्त्रों के मर्म को समझने की आवश्यकता है शास्त्रों के तत्व को जानने की आवश्यकता है। जिसे पूज्य महाराज शास्त्र सम्मत शैली में वर्णन कर रहे है। बता रहे हैं कि जीवन में अन्न का कितना प्रभाव पड़ता है कि भीष्म पितामह जैसे महापुरुष बाणों की सैया पर पड़े हुए हैं। अधर्म का साथ देने का यह परिणाम होता है। एक तरफ 5 पांडव हैं जिनकी तरफ धर्म स्वरूप स्वयं श्री कृष्ण खड़े हुए हैं फलस्वरूप पांडव विजय श्री को प्राप्त हुए हैं। कथा कहती है कि किसी भी परिस्थिति में हमें धर्म का त्याग नहीं करना चाहिए। आयोजन कुसुम पतिराम पटेल द्वारा आयोजित कराई जा रही है।

## ज्ञान भक्ति वैराग्य की त्रिवेणी श्रीमद भगवत कथा: महाराज



**रहटगांव।** खेड़ापति श्रीसिद्ध हनुमान समिति द्वारा सर्वजनिक भव्य श्रीमद भगवत कथा के द्वितीय दिन पंडित सुनील महाराज ने सृष्टीविषयक कथा में सुनाया कि भगवान ने संपूर्ण सृष्टि का निर्माण एक कमल के पुष्प पर किया है। कमल की 14 पंक्तियों का 14 लोग बनकर के भगवान ने ब्रह्माको आदेश दिया। उन्होंने मनु और शतरूपा के रूप में भजननंदी द्विपायनी और स्तनधारी, सृष्टी की संरचना कर मानव की 100 वर्ष की आयु निर्धारित कर दी। जिससे यह पता चल सके की हमारा जीवन कितना वजन के बिना बीत गया है। पंच संताती का जन्म हुआ और कपिल भगवान ने अपनी देहूती नाम की मां को सांख्य शास्त्र का उपदेश दिया कि मैं यदी हमने समय पर भजन करके पर्मआत्मा के दिये हुये। पंच तत्व की काया का प्रण नहीं चुकाया तो फिर पुन जन्म लेना पडता है और पुनः मृत्यु को प्राप्त होना पड़ता है। आईएस शरीर का नाम देह इसीलिए पढ़ा की हम भजन करके परमांत्मा को कुछ दे सके। इसके बाद माता अनसूया के पतिव्रत धर्म की कथा विसत्रित रूप से सुनाई गई तथा शिव एवं सती का अलग होना और पुनः पर्वती के रूप में जन्म लेकर के भगवान शिव के द्वारा अंगीकृत करना कल धूप के चरित्र की कथा काह करके सुनाई जायेगी। समिति के सभी सदस्यओं के द्वारा अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं को आने के लिए कथा सुनने का निवेदन किया गया।

### नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग में प्रशिक्षण संपन्न

# कृषि सखियों को प्राकृतिक खेती करने के लिए तकनीकों से अवगत कराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग के तहत कृषि सखियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को उपसंचालक कृषि कार्यालय में संपन्न हुआ। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि सखियों को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में उप संचालक कृषि जवाहरलाल कास्दे ने कृषि सखियों को उनके क्लस्टर के तहत आने वाले प्रत्येक किसानों को एक एकड़ में प्राकृतिक खेती करने के लिए विभिन्न तकनीकी ज्ञान बीजामृत से लेकर जीवामृत बनाने एवं उपयोग के सभी वीडियो को किसानों को जाकर दिखाने एवं समझाने तथा उनकी समस्याओं के अनुरूप वैज्ञानिकों को संपर्क कर उनकी प्राप्त समस्याओं का निराकरण करने के बारे में बताया। उन्होने बताया कि भारत सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना में सभी स्तर के फोटोग्राफ का संधारण करें समय-समय पर फीडबैक लें।

उप परियोजना संचालक आत्मा अखिलेश पटेल ने कृषि सखियों को उनके द्वारा किए गए कार्यों का संधारण एवं अन्य तकनीकी ज्ञान से अवगत कराया। इस दौरान उन्होने प्राकृतिक खेती के किसानों के यहां से मिट्टी के नमूने प्रयोगशाला पहुंचाने आदि कार्य समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस दौरान जिले की सभी कृषि सखियां, बीटीएम, एटीएम आदि उपस्थित रहे।

### पौधा वितरण किया

# लोक अदालत में 62 प्रकरणों का निराकरण किया गया



**खिरकिया।** उच्च न्यायालय जबलपुर के निर्देशन एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा एवं माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश जिला हरदा के मार्गदर्शन में शनिवार को व्यवहार न्यायालय खिरकिया में न्यायाधीश मोहित श्रीवास्तव द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसमें लोक अदालत में कुल 62 प्रकरणों का निराकरण किया गया शुभारंभ के दौरान तहसील अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय पाराशर उपाध्यक्ष सपना भैसारे कोषाध्यक्ष लोकेश खंडेल सचिव रजनीकांत शर्मा ग्रंथपाल भूपेंद्र वर्मा परीक्षित तिवारी शेखर चौहान मनीष तिवारी एवं अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे। लोक अदालत में मध्यस्थता की भूमिका खंडपीठ के सदस्य अधिवक्ता उदित पाराशर ने निभाई। लोक अदालत के दौरान चेक बाउंस के प्रकरणों में 3 लाख 75 हजार की वसूली तथा नगर पालिका के अंतर्गत करीब पांच लाख रु की वसूली की गई। इस अवसर पर राजीनामा करने वाले पक्षकारों को पौधा वितरण किया गया। उक्त जानकारी तहसील अधिवक्ता संघ खिरकिया के अध्यक्ष संजय पाराशर ने दी।

### किनारे बसे गांवों को मिलेगा लाभ

# बिंजलवाड़ा परियोजना का नर्मदा जल केवटी नदी-नालों में पहुंचा, रबी-फसलें होंगी सिंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या



सीमावर्ती ठोकनबेड़ा और पलासी के तालाब,नालों और केवटी- नदी मां नर्मदा की अमृत जलधाराएं पहुंची। फलस्वरुप इनके किनारे बसे गांवों की कृषि भूमि सिंचित हो सकेगी। जिससे रबी फसलों की पैदावार के लिए आशान्वित अन्नदाताओं के चेहरे खिल उठे हैं। गौरतलब है कि बिंजलवाड़ा सिंचाई परियोजना के पंप हाउस क्रमांक 5 बड़दा से छोड़े गए नर्मदा जल से अन्नदाताओं में प्रसन्नता का माहौल है। इसे पलासी तालाब ने निचले भाग और ठोकनबेड़ा की मुख्य पाइपलाइन से छोड़ा गया है। जिससे मां नर्मदा की जलधाराएं, केवटी नदी और काल्याखेडी नाले से जल संरचनाओं से होकर में केवटी नदी में पहुँच रही है। जिससे इसके बाद नाला केवटी नदी में मिल रहा है। जिससे किनारे के समीप स्थित गोराडिया,पलासी,काल्याखेडी, ठोकनबेड़ा और केवटी नदी से मोहनखेडी,जामन्या बुजुर्ग,पोखराबाद,वल्का आदि की की कृषि भूमि भी सिंचित हो सकेगी।

#### पूजा-अर्चना का दौर जारी

ठोकनबेड़ा में वहां के सरपंच कालूसिंह सेनानी और पलासी के सरपंच रमेश चौहान की उपस्थिति में कन्या-पूजन और नर्मदा- जलधाराओं के पूजन किया गया। इस दौरान धार्मिक आस्थाओं के चलते नारियल अर्पित कर मां नर्मदा के जय-जयकार के नारे गूंज उठे। इसके अलावा जामन्या बुजुर्ग में भी किसानों ने मां नर्मदा का स्वागत किया। इस अवसर भारी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का सीएचएमओ सिंह ने निरीक्षण किया



खिरकिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खिरकिया का शनिवार को सीएचएमओ एच पी सिंह ने निरीक्षण किया। अधिकारी ने स्वास्थ्य केंद्र के अलग-अलग विभागों में जाकर मौजूदा व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। स्वच्छता संबंधित निरीक्षण भी किया। सीबीएमओ शैलेन्द्र ओरया समेत अन्य स्टाफ उपस्थित था।

## भावांतर योजना के सुचारू संचालन के उद्देश्य से अपर कलेक्टर ने किया कृषि उपज उप मंडी का निरीक्षण

**सीहोर।** भावांतर योजना के तहत किसानों से सोयाबीन की खरीदी को पारदर्शी और सुचारू रूप से संचालित कराने के उद्देश्य से अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने जिले की अहमदपुर कृषि उपज उपमंडी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सोयाबीन खरीदी की पूरी प्रक्रिया की समीक्षा की और किसी भी प्रकार की अनियमितता न होने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। अपर कलेक्टर श्री सिंह ने उपमंडी में मौजूद व्यापारियों के गोदामों का भी औचक निरीक्षण किया, जहां उन्होंने स्टॉक रजिस्टर एवं अन्य अभिलेखों का मिलान कर जानकारी की सत्यता परखी। उन्होंने बैठक आयोजित कर स्पष्ट निर्देश दिए कि योजना में पंजीकृत किसानों को ही भावांतर योजना का लाभ सुनिश्चित किया जाए और उनका सोयाबीन नियमानुसार खरीदा जाए। अपर कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि खरीदी प्रांगण में किसानों को किसी प्रकार की समस्या न आए, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रूप से बनाए रखें।

# ई-अटेंडेंस में सीहोर जिला पिछड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

शिक्षा विभाग के ई.अटेंडेंस सिस्टम में लापरवाही से सीहोर जिला पूरे प्रदेश में पिछड़ गया है। राज्य स्तरीय रैंकिंग में सीहोर 35वें नंबर पर पहुंच गया, जिसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 1724 शिक्षकों और कर्मचारियों का दिसंबर माह का वेतन रोक दिया है।

डीईओ तोमर के अनुसार स्कूल शिक्षा विभाग और लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा सभी शिक्षकों, भृत्य से लेकर प्राचार्य तक को प्रतिदिन 'हमारे शिक्षक एप' पर ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य किया गया है। इसके बावजूद लगातार निर्देशों और पत्राचार के बाद भी बड़ी संख्या में कर्मचारी ई.अटेंडेंस नहीं लगा रहे थे। सिर्फ सीहोर विकासखंड में ही 740 कर्मचारी ऐसे पाए गए, जिन्होंने नवंबर-दिसंबर में लगातार ई.अटेंडेंस नहीं भरी। वरिष्ठ अधिकारियों ने जिले की खराब रैंकिंग पर नाराजगी जताते हुए सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

#### 1724 कर्मचारियों का वेतन रोका

डीईओ ने सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी करते हुए ई.अटेंडेंस न लगाने वाले कुल 1724 शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों का दिसंबर माह का वेतन भुगतान रोक दिया है।

### एसआई के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर वाहन जब्त, एसपी ने किया निलंबित

# महिला पुलिस अधिकारी की थार ने चार को रौंदा, 1 की मौत, तीन गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



शुक्रवार की दोपहर हाइवे स्थित बिलकीसगंज जोड़ पर लाल थार ने जमकर कहर बरपाया। महिला पुलिस अधिकारी की बेकाबू हुई थार की चपेट में बाइक पर सवार दो युवकों के अलावा सड़क किनारे कंबल बेच रहे दो अन्य लोग आ गए।

इस हादसे में घायल चारों को प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया जहां एक युवक ने दम तोड़ दिया जबकि बाकी की हालत भी गंभीर बनी हुई है। थाना कोतवाली पुलिस ने महिला पुलिस अधिकारी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर वाहन जब्त कर लिया है। सड़क हादसों के लिए कुख्यात भोपाल- इंदौर स्टेट हाईवे के बिलकीसगंज जोड़ पर शुक्रवार की दोपहर लगभग 12. 30 बजे एक और भीषण सड़क हादसा घटित हो गया। बताया जाता है कि जिले के आष्टा थाने में पदस्थ सब इंस्पेक्टर किरण राजपूत थार क्रमांक एमपी 04 जेड डब्ल्यू 7803 से बिलकीसगंज की ओर जा रही थी।

बताया जाता है कि जोड़ के समीप अचानक उनका वाहन अनियंत्रित हो गया और थार ने सामने से आ रही बाइक में टक्कर मार दी। इसके बाद भी थार की रफ्तार कम नहीं हुई और सड़क किनारे कंबल बेच रहे दो लोगों को कुचल दिया।

इस हादसे में बाइक सवार रातीबड़ निवासी 46 वर्षीय विजय राजोरिया और उनका भाई 40 वर्षीय ह्रदेश राजोरिया पिता राजाराम के अलावा कंबल बेचने वाले 28 वर्षीय युवक वकील आ। गिरधारी लाल बंजारा निवासी कोयल खेड़ी घोंसला उज्जैन एवं लखन पिता मदनलाल बंजारा उम्र 18 वर्ष ग्राम मुंडला महिदपुर उज्जैन गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई थी। इस दौरान सूचना मिलने पर थाना कोतवाली पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। अधिक चोटें आने पर चारों को प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया।

वहां निजी अस्पताल में विजय राजोरिया ने दम तोड़ दिया, जबकि उनके भाई ह्रदेश सहित वकील और लखन की स्थिति भी नाजूक बताई जा रही है। इस मामले में थाना कोतवाली पुलिस ने महिला पुलिस अधिकारी किरण राजपूत के खिलाफ प्रकरण दर्ज करते हुए वाहन जब्त कर लिया है।